# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (09.12.2024)

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE : 09.12.2024, PAGE-02**

# नैड आइडी से ही छात्र-छात्राओं का एबीसी में अपलोड होगा क्रेडिट

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर:** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में छात्र-छात्राओं के लिए अपार आइडी तैयार कराने के साथ-साथ अब उनके क्रेडिट को भी अपलोड किया जाएगा। इसकी प्रक्रिया शीघ्र ही शुरू होगी।

क्रेडिट अपलोड करने के लिए विश्वविद्यालय स्तर से छह सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। विश्वविद्यालय की नैड (नेशनल एकेडमिक डिपोजिटरी) आइडी का इस्तेमाल करते हुए विभिन्न पाठ्यक्रमों में नामांकित छात्र-छात्राओं की ओर से अर्जित किए जाने वाले क्रेडिट को एबीसी में अपलोड किया जाएगा। इसके साथ ही विद्यार्थियों के अंकपत्र से लेकर सर्टिफिकेट को भी अपलोड करने की प्रक्रिया होगी। कुलपति प्रो. डीसी राय के निर्देश पर विश्वविद्यालय में नैड कोआर्डिनेशन कमेटी का गठन किया गया है। पूरी प्रक्रिया इसी कमेटी की देखरेख में होगी। इसमें छह सदस्यों को शामिल किया गया है।

**बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में बनाई गई नैड (नेशनल एकेडमिक डिपोजिटरी) कोआर्डिनेशन कमेटी छह सदस्य शामिल**



समिति का नोडल अधिकारी डिप्टी कंट्रोलर टू डा. आनंद प्रकाश दूबे को बनाया गया है। वहीं सदस्य के रूप में डिप्टी कंट्रोलर वन डा. रेणु बाला, पीजी इतिहास विभाग के शिक्षक डा. गौतम चंद्र, आरडीएस कालेज के मनोविज्ञान विभाग के शिक्षक डा. सौरभ राज, आरडीएस कालेज के रसायनशास्त्र विभाग के शिक्षक डा. राजेश कुमार और पीजी इलेक्ट्रानिक्स विभाग के शिक्षक डा. इम्तियाज अनवर को शामिल किया गया है। साथ ही तकनीकी सहयोग के लिए यूएमआइएस के रवि कुमार होंगे। इसके लिए विश्वविद्यालय की ओर से अधिसूचना जारी की गई है। विश्वविद्यालय की ओर से दी गई जनकारी में बताया गया है कि कालेजों में छात्र-छात्राओं का अपार कार्ड बनाने की प्रक्रिया चलती रहेगी। साथ ही साथ कार्डधारियों के खाते में क्रेडिट अपलोड करने की प्रक्रिया भी शुरू होगी। विश्वविद्यालय की नैड आइडी पहले से ही जेनरेट की जा चुकी है। अगर जरूरत पड़ती है तो नई आइडी भी जेनरेट की जा सकती है। परीक्षा विभाग से लेकर यूएमआइएस के समन्वय से क्रेडिट अपलोड किया जाएगा।

**स्नातक से लेकर पीजी के क्रेडिट को करना होगा अपलोड :** उच्च शिक्षा विभाग की ओर से सभी विश्वविद्यालयों को निर्देश जारी किया गया है कि 31 दिसंबर तक नामांकित छात्र-छात्राओं का अपार कार्ड बनाने की प्रक्रिया पूरी करनी है। इसके साथ ही पूर्व में ही क्रेडिट अपलोड करने का निर्देश जारी किया जा चुका है। विश्वविद्यालय में चार वर्षीय स्नातक कोर्स के प्रथम सेमेस्टर का रिजल्ट पहले ही जारी किया जा चुका है। इसके साथ ही पीजी के विभिन्न सेमेस्टरों के जारी हो चुके परिणाम के आधार पर भी विद्यार्थियों के क्रेडिट अपलोड होंगे।

**Ref:....................** **Date:..........................**


**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR**
**DATE : 09.12.2024, PAGE-02**


# ईस्ट जोन महिला बास्केटबाल के लिए 16 यूनिवर्सिटी ने भेजी एंट्री

**बीआरएबीयू की मेजबानी में 26 से 30 दिसंबर तक होगी प्रतियोगिता**
**सबसे अधिक छत्तीसगढ़ से पांच टीमों ने दिखाई दिलचस्पी**

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर :** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की मेजबानी में होने वाली ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी महिला बास्केटबाल प्रतियोगिता के लिए अब तक 16 विश्वविद्यालयों की टीम ने एंट्री भेजी है। सबसे अधिक छत्तीसगढ़ से पांच विश्वविद्यालयों की टीम ने प्रतियोगिता में हिस्सा लेने में दिलचस्पी दिखाते हुए आवेदन भेजा है। प्रदेश से अब तक केवल पटना यूनिवर्सिटी ने ही एंट्री सुनिश्चित की है। बताया जा रहा है कि अन्य विश्वविद्यालयों की ओर से इस सप्ताह एंट्री आ जाएगी। 17 वर्षों के बाद बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की मेजबानी में ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता हो रही है। इसकी मेजबानी एलएन मिश्र कालेज आफ बिजनेस मैनेजमेंट करेगा। प्रतियोगिता की बेहतर मेजबानी के लिए पहले ही विश्वविद्यालय की ओर से आयोजन समिति का गठन किया गया है। एक से दो दिनों में राज्यपाल को प्रतियोगिता में शामिल होने का आग्रह भेजा जाएगा। बताया जा रहा है कि राज्यपाल उद्घाटन समारोह या समापन समारोह में से किसी एक दिन बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शामिल होंगे। प्रतियोगिता का आयोजन 26-30 दिसंबर तक होना है। टूर्नामेंट में बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ समेत अन्य राज्यों से विभिन्न विश्वविद्यालयों की टीम हिस्सा लेगी। प्रैक्टिस के लिए एक कोर्ट बनाए जाने की सहमति बनी है। खिलाड़ियों को पीजी छात्रावास में ठहराया जाएगा। वहीं कोच और अन्य स्टाफ के लिए एकेडमिक स्टाफ कालेज में ठहरने की व्यवस्था होगी। बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के क्रीड़ा सचिव डा. कांतेश कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए आवेदन की आखिरी तिथि 16 दिसंबर निर्धारित है।

## इन विश्वविद्यालयों की ओर से भेजी गई टीम की एंट्री

पंडित रविशंकर शुक्ला यूनिवर्सिटी रायपुर, छत्तीसगढ़, मणिपुर यूनिवर्सिटी कांचीपुर, विश्व भारती यूनिवर्सिटी पश्चिम बंगाल, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग, छत्तीसगढ़, शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, छत्तीसगढ़, छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद टेक्निकल यूनिवर्सिटी भिलाई, यूनिवर्सिटी आफ कलकत्ता, सीनेट हाउस कोलकाता, दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर यूनिवर्सिटी, पटना यूनिवर्सिटी, संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा, अंबिकापुर, छत्तीसगढ़, विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग, यूनिवर्सिटी आफ बर्दवान, पश्चिम बंगाल, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी, बीएचयू वाराणसी, रांची यूनिवर्सिटी, रांची, जादवपुर यूनिवर्सिटी, कोलकाता

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:.........................**

DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR, DATE : 09.12.2024, PAGE-05

# ट्रायल प्रतियोगिता : विवि की बास्केट बॉल टीम का चयन



**मुजफ्फरपुर** | ललित नारायण मिश्र कॉलेज ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट में रविवार को बीआरए बिहार विवि की बास्केट बॉल टीम के चयन की प्रक्रिया पूर्ण की गई। ट्रायल के आधार पर विवि टीम का गठन किया गया। इसमें रेफरी की भूमिका शम्स तबरेज खान तथा रणप्रताप जायसवाल ने निभाई। इस अवसर पर विवि के क्रीड़ा परिषद सचिव डॉ. कांतेश, महेन्द्र प्रसाद, विनय शेखर एवं अखिलेश कुमार मणि (सचिव, जिला बास्केट बॉल) उपस्थित थे। प्रतियोगिता में ललित नारायण मिश्र कॉलेज ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट की टीम के अलावा आरएन कॉलेज हाजीपुर, एमएस कॉलेज मोतिहारी एवं एनकेएस कॉलेज वैशाली के प्रतियोगी शामिल हुए। मौके पर विवि के खेल परामर्शी डॉ. संजय कुमार सिन्हा, महाविद्यालय के निदेशक डॉ. मनीष कुमार, कुलसचिव डॉ. कुमार शरतेंदु शेखर एवं शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मियों ने उत्साहवर्धन किया।

**Ref:....................** **Date:..........................**


**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR**
**DATE : 09.12.2024, PAGE-04**


## विवि बास्केटबॉल टीम का हुआ चयन



**मुजफ्फरपुर**. एलएन मिश्रा कॉलेज ऑफ बीएम में विवि बास्केटबॉल टीम के चयन की प्रक्रिया पूरी की गयी. जिसमें एलएन मिश्रा व अन्य कॉलेज के टीम के बीच ट्रायल हुआ. मौके पर विवि क्रीडा परिषद सचिव डॉ कांतेश, महेंद्र प्रसाद, विनय शेखर, बास्केट बॉल संघ सचिव अखिलेश कुमार मणि के साथ रेफरी शम्स तबरेज खान, रण प्रताप जायसवाल मौजूद थे. प्रतियोगिता में एलएन मिश्रा के अलावा, आरएन कॉलेज हाजीपुर, एमएस कॉलेज मोतिहारी, एनएकेएस कॉलेज वैशाली के प्रतिभागियों ने भाग लिया. विवि खेल परामर्शी डॉ संजय कुमार सिन्हा, निदेशक डॉ मनीष कुमार, कुल सचिव डॉ कुमार शरतेंदु शेखर व कॉलेज के कर्मी मौजूद थे.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR
**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE : 09.12.2024, PAGE-04**

# विवि में छात्रों के अपार आइडी के साथ उनका क्रेडिट भी होगा अपलोड

## कुलपति ने विश्वविद्यालय में नैड कोआर्डिनेशन कमेटी का गठन किया

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर



बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में छात्र-छात्राओं के लिए अपार आइडी तैयार कराने के साथ, उनके क्रेडिट को भी अपलोड करने की तैयारी शुरू हो गयी है. कुलपति प्रो. डीसी राय के निर्देश पर विश्वविद्यालय में नैड कोआर्डिनेशन कमेटी का गठन किया गया है. सारी प्रक्रिया इसी कमेटी की देखरेख में होगी. इसमें छह सदस्यों को शामिल किया गया है. समिति का नोडल अधिकारी डिप्टी कंट्रोलर टू डॉ. आनंद प्रकाश दूबे को बनाया गया है. वहीं सदस्य के रूप में डिप्टी कंट्रोलर वन डॉ. रेणु बाला, पीजी इतिहास विभाग के शिक्षक डॉ. गौतम चंद्रा, आरडीएस कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग के शिक्षक डॉ. सौरभ राज, आरडीएस कालेज के रसायनशास्त्र विभाग के शिक्षक डॉ. राजेश कुमार और पीजी इलेक्ट्रानिक्स विभाग के शिक्षक डॉ. इम्तियाज अनवर को शामिल किया गया है. साथ ही तकनीकी सहयोग के लिए यूएमआइएस के रवि कुमार होंगे. विश्वविद्यालय की ओर से दी गयी जानकारी में बताया गया है कि कॉलेजों में छात्र-छात्राओं के अपार कार्ड बनाये जाने की प्रक्रिया चलती रहेगी. साथ ही साथ कार्डधारियों के खाते में क्रेडिट अपलोड करने की प्रक्रिया भी शुरू होगी. नेशनल एकेडमिक डिपोजिटरी आइडी का इस्तेमाल करते हुए विभिन्न पाठ्यक्रमों में नामांकित छात्र-छात्राओं की ओर से अर्जित किए जाने वाले क्रेडिट को एबीसी में अपलोड किया जायेगा. इसको लेकर विश्वविद्यालय की ओर से अधिसूचना जारी की गयी है.

इस खबर को वेबसाइट पर पढ़ने के लिए क्यू आर स्कैन करें.